ARBiT



Destroy The Currency You Destroy All...

On one side of the coin, our economic policy makers believe that a weakening currency leads to dominance by undercutting the neighbour, on the other, they believe a strengthening currency is an economic albatross

The Wooden Ceiling That Refuses to Decay

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

# संगठनात्मक फेरबदल को फाइनल कर राहुल विदेश यात्रा पर रवाना

## शायद इसके पीछे रणनीति यह है कि इस फेरबदल के बाद जो होना है, उनके पीछे से हो जाए, जब तक राहुल लौटेंगे, सब शांत हो चुका होगा

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22 जून। संगठन में बड़े फेरबदल की अटकलों के बीच, राहुल गांधी आज सुबह 10 दिन की विदेश यात्रा पर रवाना हो गए। माना जा रहा है कि संगठनात्मक बदलावों की घोषणा अब जल्द ही हो सकती है।

सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी कई देशों का दौरा कर सकते हैं। संभव है कि वे फुटबॉल विश्व कप का कोई मैच भी देखें, क्योंकि उन्हें फुटबॉल बहुत पसंद है। इसके अलावा, वे कुछ निजी काम भी निपटाएंगे।

बताया जाता है कि राहुल गांधी संगठन में किए जाने वाले कई बदलावों को अंतिम रूप दे चुके हैं। माना जा रहा है कि यदि उनकी अनुपस्थिति में इन बदलावों की घोषणा की जाती है तो उनके लौटने तक नाराज़गी और शिकायतें काफी हद तक शांत हो चुकी होंगी।

- इस फेरबदल में सबसे बड़ा मुद्दा यह है कि संगठन महासचिव और राहुल गांधी के ''परम प्रिय'' के.सी. वेणुगोपाल रहेंगे या हटाए जाएंगे।
- विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, प्रियंका गांधी वेणुगोपाल को हटाने पर आमादा हैं और उनकी जगह किसी को भी स्वीकार करने को तैयार हैं।
- एक अन्य सवाल यह भी है कि क्या सचिन पायलट को प्रदेश अध्यक्ष के पद पर राजस्थान भेजा जाएगा या नहीं, क्योंकि विधानसभा चुनाव जीतने के लिए पायलट जरुरी हैं, साथ ही यह भी मसला है कि क्या अशोक गहलोत पर अंकुश लगाया जाएगा, जो पायलट को रोकने पर आमादा हैं।
- पार्टी संगठन में कई पीसीसी प्रमुख, एआईसीसी महासचिव व सचिवों में फेरबदल किया जाएगा।
- सूत्रों के अनुसार, राहुल की प्रिय ''जय जगत'' टीम काफी एक्टिव है, हालांकि प्रियंका गांधी इसमें दखल देने की पूरी कोशिश कर रही है।
- राहुल दस दिन की विदेश यात्रा पर हैं, इसमें वे कुछ देशों का दौरा करेंगे और संभवतया फीफा कप देखने भी जाएंगे, क्योंकि उन्हें फुटबॉल बेहद पसंद है।

एक दिलचस्प मामला, जिसे सुलझाना है, वो यह है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल को उनके पद से मुक्त किया

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# भाजपा के बागी से शिंदे को झटका

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22 जून। एकनाथ शिंदे को उस समय बड़ा झटका लगा, जब उनकी पार्टी के उम्मीदवार नरेन्द्र दराडे को महाराष्ट्र विधान परिषद के नासिक जिला स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्र में विद्रोही भाजपा नेता गोकुल गीते के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा।

राज्य विधानमंडल के उच्च सदन की 11 सीटों के लिए 18 जून को हुए चुनावों की मतगणना सोमवार को हुई। सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन, जिसमें एकनाथ शिंदे की शिवसेना भी शामिल

- महाराष्ट्र में विधान परिषद चुनाव में भाजपा के बागी प्रत्याशी गोकुल गीते ने एनडीए के अधिकृत प्रत्याशी और शिवसेना के शिंदे गुट के नरेन्द्र दराडे को 109 वोटों से हरा दिया।

है, ने 17 में से 16 सीटों पर जीत दर्ज की।

चुनाव अधिकारियों के अनुसार, गीते को 357 वोट मिले, जबकि दराडे को 248 वोट मिले, और गीते 109 वोटों से विजयी रहे।

नासिक क्षेत्र में विवाद तब शुरु हुआ, जब गीत ने दराड के खिलाफ अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की। गीते

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# लखनऊ के कोचिंग सैंटर में आग से 15 छात्र ज़िंदा जले, 9 गंभीर घायल

## अलीगढ़ दौरा बीच में छोड़ घटना स्थल पर पहुँचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, 22 जून। अलीगंज की एक बिल्डिंग में आग लगने से बिल्डिंग के कोचिंग सेंटर में पढ़ ने वाले और एनीमेशन कोर्स करने वाले 15 छात्रों की जलकर मौत हो गई। कई छात्र गंभीर रूप से झुलस गए। जान बचाने के लिए बिल्डिंग से कूदे नौ छात्र गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अलीगढ़ का दौरा छोड़कर वापस आए और घटनास्थल का मुआयना किया। रक्षामंत्री एवं राजधानी के सांसद राजनाथ सिंह भी लखनऊ के लिए रवाना हो गए हैं। शॉर्ट सर्किट और एसी का कंप्रेसर फटने के कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए जान गंवाने वाले बच्चों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मृतकों के परिवारों को पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषना की। घायलों को पचास हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी।

बताया जाता है कि बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर पैट शॉप थी। उसके ऊपर पहली मंजिल पर पैट शॉप मालिक ने वेयरहाउस बना रखा था। दूसरी मंजिल पर थ्री-डी एनीमेशन का कोर्स

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

- प्र.मंत्री मोदी ने घटना पर दुख जताया तथा मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रूपए और घायलों को पचास-पचास हज़ार सहायता राशि देने की घोषणा की। राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रूपए और घायलों को 50-50 हज़ार रूपए देने की बात कही है।
- पुलिस के अनुसार, अलीगंज में स्थित बिल्डिंग में ग्राउण्ड फ्लोर पर एक पैट शॉप है, जिसके फर्स्ट फ्लोर पर वेयर हाउस है तथा दूसरी-तीसरी मंजिल पर थ्रीडी एनिमेशन सैंटर और कोचिंग सैंटर है। आग वेयर हाउस में लगी और तुरंत पूरी बिल्डिंग में फैल गई।
- निकलने का रास्ता नहीं होने से बच्चे निकल नहीं पाए, ऊपर फंस गए। कुछ बच्चों ने ऊपर से छलांग लगा दी, वे गंभीर रूप से घायल हो गए।
- प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, हादसे की सूचना देने के करीब 40 मिनट बाद दमकल पहुँची, तब तक सारी बिल्डिंग जल चुकी थी, लोगों में इस देरी को लेकर भारी रोष है।
- मृतकों व घायलों की उम्र 18 से 22 वर्ष के बीच बताई जा रही है। दो घंटे रैस्क्यु ऑपरेशन चला, मौके पर सभी आला अधिकारी भी मौजूद थे। लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह भी लखनऊ पहुँच रहे हैं।

# पाकिस्तान ने भारत को युद्ध की धमकी दी

## पाक विदेश मंत्री ख्वाज़ा आसिफ ने एक साक्षात्कार में कहा कि अगर भारत ने हमारा पानी रोका तो हम सैन्य कार्यवाही कर सकते हैं

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22 जून। भारत और पाकिस्तान के बीच एक बार फिर तनाव बढ़ता दिखाई दे रहा है, और इस बार विवाद का केन्द्र पानी बन गया है। दोनों देशों के पहले से ही तनावपूर्ण संबंधों में पानी, विवाद का नया बिंदु बन गया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने गंभीर चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भारत पाकिस्तान की जल सुरक्षा को खतरे में डालता है तो इसे राष्ट्रीय सुरक्षा पर हमला माना जाएगा।

यह बयान उस समय आया, जब नई दिल्ली ने दोहराया कि उसने सिंधु जल संधि को निलंबित करने का अपना निर्णय वापस नहीं लिया है। भारत ने अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले, जिसमें 26 लोगों की मौत हुई थी, के बाद 1960 में हुई इस संधि को स्थगित कर दिया था। भारत का कहना है कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ ठोस

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

- पहलगाम टैरर अटैक (अप्रैल 2025) के बाद भारत ने 1960 में हुई सिंधु जल संधि को रद्द कर दिया था।
- ख्वाज़ा आसिफ ने कहा, पानी हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा का मसला है, जिस दिन हमें लगा, हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में है, हम भारत पर हमला कर देंगे। उन्होंने भारत पर नदियों का जल प्रवाह रोकने का आरोप लगाया।
- असल में पाकिस्तान इस समय भारी जल संकट से गुजर रहा है। प्रमुख नहरों में पानी का स्तर बहुत कम है। विशेषज्ञों का कहना है कि संकट से निपटने में विफल पाकिस्तान सरकार अपनी कमियों को छिपाने के लिए भारत पर आरोप लगा रही है।

# ईरानी तेल पर प्रतिबंध 60 दिन के लिये हटा

वॉशिंगटन/बुर्गेनस्टॉक (स्विट्जरलैंड), 22 जून। अमेरिका और ईरान के बीच स्विट्जरलैंड में जारी वार्ता के बीच एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक कदम उठाते हुए, अमेरिका ने ईरानी तेल और पेट्रोकेमिकल उत्पादों से संबंधित कुछ प्रतिबंधों में 60 दिनों की अस्थायी राहत देने की घोषणा की है। इस फैसले को दोनों देशों के बीच चल रही बातचीत

- अमेरिका -ईरान की स्विट्ज़रलैंड वार्ता का सकारात्मक परिणाम।

में सकारात्मक प्रगति के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

अमेरिकी वित्त मंत्रालय की ओर से जारी अस्थायी सामान्य लाइसेंस के तहत, ईरानी मूल के कच्चे तेल, पेट्रोलियम एवं पेट्रोकेमिकल उत्पादों के उत्पादन, आपूर्ति और बिक्री से जुड़ी कुछ गतिविधियों को सीमित अवधि के लिए अनुमति दी गई है। यह छूट अगस्त के अंत तक प्रभावी रहेगी।

अमेरिकी प्रशासन के अनुसार,

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# भारत तिवारी के एनकाउंटर पर भाजपा की ब्राह्मण लॉबी में नाराज़गी बढ़ी

## बिहार में भाजपा के ब्राह्मण नेताओं ने एक्टिविस्ट भारत तिवारी के एनकाउंटर को नृशंस हत्या करार दिया

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22 जून। अट्ठाइस वर्षीय सोशल ऐक्टिविस्ट भारत भूषण तिवारी की हालिया ''मुठभेड़ में हत्या'' ने बिहार में न केवल अगड़ा बनाम पिछड़ा वर्ग के तनाव को फिर से उभार दिया है, बल्कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ''तुरंत न्याय'' (इंस्टैंट जस्टिस) वाले हिंदुत्व मॉडल पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

नीतीश कुमार के बाद बिहार के मुख्यमंत्री बने सम्राट चौधरी ने कथित कानून तोड़ने वालों से निपटने के लिए योगी आदित्यनाथ और अन्य भाजपा मुख्यमंत्रियों द्वारा अपनाए गए कानून-व्यवस्था मॉडल को पसंद किया है। ते हैं।

पुलिस मुठभेड़ों की संख्या के मामले में बिहार परंपरागत रूप से शीर्ष राज्यों में नहीं रहा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के आंकड़ों के अनुसार, पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश इस सूची में, काफी बड़े अन्तर से, शीर्ष पर है, जहां 2017 से 2024 के बीच 12,964 मुठभेड़ें हुईं। छत्तीसगढ़, असम, महाराष्ट्र, झारखंड और मणिपुर भी इस मामले में बदनाम राज्यों में शामिल रहे हैं। इस मामले में, बिहार का औसत अपेक्षाकृत कम रहा है, फिर भी यहां फर्जी मुठभेड़ों और हिरासत में हुईं मौतों के कई चर्चित मामले सामने आए हैं। दिसंबर 2025 में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बेगूसराय में दयानंद मलाकार को गोली मार दी थी, जिसे फर्जी मुठभेड़ बताया गया था। इससे पहले 1993 में, गया में पुलिस ने एक व्यवसायी राजेश धवन और उनके दो कर्मचारियों की हत्या कर दी थी। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने छह पुलिसकर्मियों को दी गई फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया था।

यह बात अलग है कि भारत तिवारी का मामला उल्टा पड़ता दिखाई दे रहा है। बताया जाता है कि तिवारी, जिन्हें पुलिस ने आत्मसमर्पण करने के बाद

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

- 28 वर्षीय भारत भूषण अपने गाँव में बाढ़ विस्थापन व निचले स्तर की नौकरशाही में भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम चला रहा था। बताया जाता है, तिवारी के सरेंडर करने के बाद भी पुलिस ने उस पर गोलियाँ बरसा दीं।
- एनकाउंटर किलिंग के मामले में बिहार अपने पड़ौसी राज्य उत्तर प्रदेश से बहुत पीछे है। हालांकि हाई प्रोफाइल एनकाउंटर और फर्ज़ी एनकाउंटर को लेकर बिहार काफी चर्चित रहा है।
- इस एनकाउंटर ने बिहार में न केवल अगड़ा-पिछड़ा विवाद खड़ा कर दिया है, बल्कि यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या बिहार सरकार योगी मॉडल को अपना रही है।

# बैंक खातों पर रोक के खिलाफ तृणमूल हाईकोर्ट पहुंची

कोलकाता, 22 जून। अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस ने बिधाननगर पुलिस द्वारा पार्टी के तीन बैंक खातों से धन निकासी और लेनदेन पर लगाई गई रोक को चुनौती देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख किया है। मामले की

- कलकत्ता हाईकोर्ट में 25 को सुनवाई होगी।

सुनवाई 25 जून को न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य की अदालत में होने की संभावना है।

सोमवार को वरिष्ठ अधिवक्ता किशोर दत्ता ने अदालत से मामले की मंगलवार को तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया था। हालांकि, अदालत ने इस अनुरोध को स्वीकार नहीं किया। इसके बाद मामले को 25 जून के लिए सूचीबद्ध किया गया है। तृणमूल कांग्रेस ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# टीएमसी के बागियों ने ममता बनर्जी का ''तख्ता पलट'' किया

## बागी गुट ने एक मीटिंग कर ममता बनर्जी को पार्टी अध्यक्ष पद से व उनके भतीजे अभिषेक को पार्टी महासचिव पद से हटा दिया

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22 जून। बागी तृणमूल कांग्रेस ने आज एक तरह से तख्तापलट करते हुए पार्टी की संस्थापक ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी, जो अब तक पार्टी के अखिल भारतीय महासचिव थे, को पार्टी के ओहदों से हटा दिया है।

बागी गुट ने दिन में पार्टी का एक विशेष अधिवेशन आयोजित किया, जिसमें प्रतिनिधियों ने पार्टी के नए पदाधिकारियों का चुनाव किया। औपचारिक बैठक के बाद, पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता ऋतब्रत बनर्जी ने नए पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की।

बागी गुट ने पार्टी की नई संरचना और निर्वाचित पदाधिकारियों की जानकारी भारतीय निर्वाचन आयोग को भी भेज दी है। गुट ने इस अधिवेशन और चुनाव की वैधता का बचाव करते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस के 80 निर्वाचित विधायकों में से लगभग 65 विधायक विद्रोही खेमे में आ चुके हैं।

बागियों ने एक बैठक कर मीडिया को अपनी सैद्धांतिक, वैचारिक एवं सांस्कृतिक सोच से अवगत कराया। प्रेस वार्ता के मंच की पृष्ठभूमि में राज्य के महानायक रवीन्द्रनाथ ठाकुर, महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र लगाए गए थे।

वहाँ ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी की कोई तस्वीर मौजूद नहीं थी, जबकि अब तक तृणमूल कांग्रेस की प्रचार सामग्री में मुख्य रूप से इन्हीं दोनों नेताओं के चित्र दिखाई देते थे। पिछले पंद्रह वर्षों में पहली बार, पार्टी ने ममता और अभिषेक बनर्जी दोनों को अपनी

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

- बागियों ने अरुप रॉय को ममता बनर्जी की जगह पार्टी अध्यक्ष नियुक्त किया।
- मीटिंग में बागी गुट ने पार्टी के नए पदाधिकारियों का चयन किया, जिसकी घोषणा प.बंगाल में नेता प्रतिपक्ष ऋतब्रत बनर्जी ने की। उन्होंने चुनाव आयोग को भी इस संबंध में सूचना दे दी है। बनर्जी ने कहा, पार्टी के संवैधानिक संकट को दूर करने के लिए ऐसा करना जरुरी था।
- बागी गुट, जिसमें तृणमूल के निर्वाचित 80 विधायकों में से 65 शामिल हैं, ने जो मीटिंग की, उसमें रवीन्द्रनाथ टैगोर व बाबा साहेब अंबेडकर की तस्वीरें लगी थीं, ममता बनर्जी व अभिषेक की तस्वीरें नहीं लगाई गईं थीं।
- ममता बनर्जी के बेहद करीबी रहे फिरहाद हाकिम भी बागी गुट में शामिल हो गए है, उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल किया गया है।
- बागियों ने पार्टी फंड पर भी दावा किया है, उसे फिलहाल के लिए फ्रीज़ करने की मांग की है।

# लखनऊ अग्निकांड की जांच दो सदस्यीय विशेष जांच दल करेगा

लखनऊ, 22 जून। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ अग्निकांड प्रकरण पर देर रात उच्च स्तरीय बैठक की। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर दो

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जांच दल को सात दिन में रिपोर्ट देने को कहा।

सदस्यीय विशेष जांच दल गठित किया गया।

इस विशेष जांच दल में धर्मार्थ कार्य, पर्यटन/संस्कृति विभाग के अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात तथा अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ ज़ोन प्रवीण कुमार को शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने जांच दल को सात दिन के अंदर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

गौरतलब है कि घटनास्थल के निरीक्षण, केजीएमयू में मृतकों के

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

CMYK CMYK